54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15.0°c अधिकतम 28.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:45, सूर्यास्त - 6:18 | वर्ष : 54/ अंक : 59 | रविवार, 01 मार्च 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

कपड़े और चेहरे अक्सर झूठ बोला करते हैं, इंसान की असलियत तो वक्त बताता है।

सपा का चाल, चरित्र, चेहरा हमेशा ही से दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग और बसपा विरोधी रहा है : मायावती



वोट की चाह में..... नेता सुधरे भी हैं....

# हजारों बिजली कनेक्शन एक झटके में कटने से हा-हाकार

## ☞ स्मार्ट मीटर ने लखनऊ से बटन दबते ही कर दिया अंधेरा ☞ कई निजी नर्सिंग होम, वाणिज्यिक संस्थान व घर आए चपेट में

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** होली से पहले बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को एक बड़ा झटका दिया। स्मार्ट मीटर से कैसे आगे लखनऊ में बैठे-बैठे बिजली कनेक्शन कट जाएगा, इसकी बानगी आज उस समय उपभोक्ताओं ने देखी जब बकाया बिल वाले स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बिजली अपराह्न करीब चार बजे अचानक गुल हो गई। मीटर ठप हो गए। इनके अनेक निजी नर्सिंग होम और वाणिज्यिक उपभोक्ता भी इसकी चपेट में आने से वहां बिजली बंद होने से हड़कंप मच गया। हड़बड़ाए उपभोक्ता मीटर को निहारते रहे तो पता चला कि मीटर तो ठीक है। इसके बाद वे अंदर केबल के फाल्ट को इसके लिए जिम्मेदार मानते रहे। बाद में पता चला कि उनकी ही नहीं सभी की बिजली गायब हो चुकी है। बाद में पता चला कि यह कारस्तानी बिजली विभाग द्वारा ही की गई है। इसमें बकायेदारी के चलते कनेक्शन काटे जाने की बात सामने आई। इसके बाद कुछ लोगों ने अपने बकाया बिल भी जमा कर दिए। इसके बाद एक घंटे बाद कुछ उपभोक्ताओं की बिजली चालू हो गई और कुछ ऐसे उपभोक्ता हैं, जिनके बिल जमा होने के बावजूद आपूर्ति चालू नहीं हो सकी।

### ना लाइन मैन आया ना शोर शराबा हुआ

शहर में आज शहर के हजारों बिजली उपभोक्ता उस समय सन्न रह गए जब अपराह्न करीब चार बजे उनके घरों की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई। कनेक्शन काटने ना कोई लाइन मैन आया और ना ही शोर शराबा हुआ। मीटर में बिजली चलती रही, लेकिन आगे आपूर्ति बंद हो गई। पहले तो लोगों को लगा कि बिजली चली गई है। फिर उन्होंने मीटर की बत्ती जलती देखी तो लगा कि कहीं अंदर केबिल में तो फाल्ट नहीं है। बिजली घर पर संपर्क किया गया तो पता चला कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया हैं, उनके कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसके बाद कुछ उपभोक्ताओं ने ऑन लाइन भुगतान किया। इसके बाद भी करीब एक घंटे बाद कुछ उपभोक्ताओं की बिजली चालू हो गई। इसके बावजूद बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता थे, जिनके घरों पर आपूर्ति रात तक भी चालू नहीं हो पाई थी।

### बिजली अधिकारी दड साधकर बैठ गए

बिजली विभाग के अधिकारियों ने आज तमाम कोशिशों के बावजूद फोन नहीं उठाया। मुख्य अभियंता विनोद गुप्ता ने भी फोन उठाने की जरूरत नहीं महसूस की। हालांकि विभागीय सूत्रों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया थे, उन्हें करीब एक पखवाड़े से चेतावनी दी जा रही थी कि कनेक्शन कटने की असुविधा से बचने के लिए अपने बकाया बिल जमा करा दें। आज महीने के

### बिल जमा कराने पर भी नहीं जुड़ी बिजली

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** बिजली विभाग के अत्याचार के शिकार आस्था क्लीनिक के सूत्रों ने बताया कि उनका 4161 रुपये का बिल बकाया था। कनेक्शन कटने के बाद इसे जमा भी करा दिया गया था, लेकिन देर रात तक भी उनकी बिजली चालू नहीं हो सकी थी। इसे स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुईं। उन्होंने विभाग के बताए नंबर 1912 पर भी संपर्क किया, लेकिन आपूर्ति चालू नहीं हुई।

### बोले चीफ इंजीनियर

जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिल बकाया थे और बार-बार अनुरोध के बावजूद वे बिल नहीं जमा करा रहे थे, उनके कनेक्शन आज काटे गए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या बहुत अधिक नहीं है। कितने ऐसे उपभोक्ता हैं, यह हमारी जानकारी में नहीं है। मामला सामने आने के बाद सभी कनेक्शन जुड़वा दिए गए हैं। अब कोई समस्या नहीं है। उपभोक्ता ऐसी स्थिति से बचने के लिए समय से अपने बिल जमा कराएं।

**विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता।**



आकाश अग्रवाल



हर्षित



शेखर मित्तल

अंतिम दिन लखनऊ से ही तमाम ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। इसके चलते हजारों घरों में अंधेरा छा गया। विभागीय नियमों के अनुसार प्रीपेड उपभोक्ताओं का बिल अगर तीन दिन निगेटिव चलता है तो कनेक्शन काट दिया जाता है। इसके बाद रिचार्ज पर ही कनेक्शन चालू होता है। स्मार्ट मीटर की लगाम भी अब सीधे मुख्यालय के हाथ में है। ऐसे में उनकी विच्छेदन तिथि पर अब लाइन मैन को खंभे पर चढ़ने की जरूरत नहीं है। लखनऊ में बैठे-बैठे ही ऐसे कनेक्शन काटे जा सकते हैं। इसी का उदाहरण आज शहर के लोगों को देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग बिजली घरों की ओर दौड़े और गांधी कॉलोनी में सैंकड़ों कनेक्शन कटने के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। बिजली कर्मचारियों का कहना था कि स्मार्ट मीटर होने के कारण अब बिजलीकर्मियों की भूमिका खत्म हो गई है। ऐसे में वे कुछ नहीं कर सकते।

# पालिका ने की होली पर 290 करोड़ रुपये के बजट की बौछार

## ☞ विभिन्न परियोजनाओं में 486 करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में 159 प्रस्तावों वाले ऐतिहासिक एजेंडे को सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। मात्र 20 मिनट चली बैठक की कार्यवाही में नगरीय विकास के लिए चेयरपर्सन की महायोजना को लेकर पालिका बोर्ड पूरी तरह एकमत दिखे। पालिका सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 290.34 करोड़ रुपये की अनुमानित आय का मूल बजट मंजूर किया गया, वहीं शहर के विकास कार्यों पर कुल 486.76 करोड़ रुपये व्यय करने की बड़ी महत्वाकांक्षी योजना को भी सदन में स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सदन की पदेन सदस्य एमएलसी वन्दना वर्मा भी पहुंची, जिनका चेयरपर्सन समेत सदन ने स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने नगर पालिका के कामकाज को इस दौरान सराहा। शनिवार प्रातः 11 बजे नगर पालिका सभागार में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में शुरू हुई बोर्ड बैठक में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने विशेष प्रस्ताव बजट के साथ ही 159 प्रस्तावों वाले एजेंडे को सदन में प्रस्तुत किया। इसमें गत कार्यवाही की पुष्टि के बाद बजट प्रस्ताव पारित हुआ। बोर्ड बैठक में पेयजल आपूर्ति, पथ प्रकाश, 300 से ज्यादा नई सड़क, जल निकासी में सुधार व सौन्दर्यकरण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। कर्मचारियों के आर्थिक हितों को लेकर बड़े निर्णय हुए। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट में 2,90,34,90,000 रुपये आय व 4,86,76,00,000 रुपये का अनुमानित व्यय सर्वसम्मति से पारित किया। लेखा विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में पालिका की वास्तविक आय 1,82,21,41,198 रुपये व व्यय 1,52,49,94,023 रुपये दर्ज किया गया। एक फरवरी तक नगर पालिका के पास 2,66,78,87,900 रुपये की धनराशि अवशेष रही। अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की समाप्ति पर 486.76 करोड़ रुपये व्यय करने के बाद 70.37 करोड़ से अधिक राशि अवशेष रहेगी। बोर्ड बैठक में सौंदर्यकरण से जुड़े 30 विशेष कार्यों की करीब 24 करोड़ की

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

















# डीएम-एसपी सिटी ने जाना जिला कारागार का हाल



**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा तथा एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए अफसरों ने विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात अधिकारियों ने पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। बाद में कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। जिला कारागार परिसर में दोनों अधिकारियों ने अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता एवं ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। अंत में जिलाधिकारी ने जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आशादीप संस्थान एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने मनाया होली मिलन उत्सव





**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बुस.)।** स्थानीय जानसठ रोड स्थित आशादीप दिव्यांग बाल प्रशिक्षण संस्थान एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन संयुक्त सौजन्य से महकते फूलों की होली उत्सव त्यौहार बड़े हर्ष उल्लास के वातावरण मे संस्थान के संरक्षक सुरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में मनाया गया, जिसमें नगर व जनपद के कई गणमान्य नागरिक उद्योगपति चिकित्सक राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी जनप्रतिनिधियों की अच्छी सहभागिता रही। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल जहां इस होली उत्सव के मुख्य अतिथि रहे, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप पूर्व विधायक अशोक कंसल व्यापारी नेता संजय मित्तल बतौर विशिष्ट अतिथि इस समारोह में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम संस्थान की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पटका, पुष्पहार तथा राधा कृष्ण के प्रतीक स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। संस्थान के प्रशिक्षित मूकबधिर बालक-बालिकाओं ने भाव विभोर नृत्य इस होली महोत्सव में प्रस्तुति प्रदान की। संस्था आशादीप से लोकेश चंद्रा, बी.आर शर्मा, आरके गोयल, अनुज महेश्वरी, अग्रवाल सम्मेलन से सुरेंद्र अग्रवाल, रामकुमार तायल, विनोद संगल, अंकुर गर्ग, टोनी बिंदल ने मूक बधिर बालक-बालिकाओं के सुंदर नृत्य पर पुष्प वर्षा कर होली का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित श्यामलाल दाल वाले, होतीलाल शर्मा, राजेंद्र साहनी, अमित चौधरी, सुमित रॉयल, राजेश जैन, दीपक सिंघल, अरविंद गुप्ता, विश्व रतन गुप्ता, विशाल कालरा, विशाल गर्ग, प्रगति सी.ए, राजकुमार शर्मा एडवोकेट, विश्वदीप गोयल, सत्य प्रकाश रेशु, पंकज जैन, वेद प्रकाश मंगल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, अनिल, गोपाल गर्ग, अशोक गुप्ता, सुनील गर्ग, सुभाष गुप्ता, डॉ. विवेक, बृजमोहन, मुकुल दुआ, भारत अग्रवाल, रमेश सिंघल, अमित गर्ग, प्रसून अग्रवाल, संदीप दास एडवोकेट, शशि राज गुप्ता, अरविंद मित्तल, आशुतोष शर्मा, प्रमोद मित्तल, नरेंद्र गोयल, डॉ. पंकज जैन, के.के बंसल, मुकेश अरोड़ा, राजीव अग्रवाल, अशोक बंसल, मनोज कुमार अग्रवाल, नवनीत कुच्छल, ललित अग्रवाल, रोहताश कर्णवाल, बृजमोहन शर्मा, प्रधानाचार्य( आशादीप संस्थान) गायक सतपाल, रवि उपाध्याय आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# पराली से भरी ट्रॉली में आग बिजली के तारों से छूने पर भड़की, बड़ा नुकसान






**चरथावल, 28 फरवरी (बु.)।** कुल्हेड़ी-लड़वा मार्ग पर पराली से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही मिनटों में पूरी ट्रॉली आग की चपेट में आ गई। यह घटना तब हुई जब ट्रॉली में भरी पराली ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों से छू गई। तारों से निकली चिंगारी ने तुरंत आग पकड़ ली, और देखते ही देखते आग ने पूरी ट्रॉली को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रॉली में भरी पराली पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी और काफी नुकसान हो गया था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि ऊंची लोडिंग करते समय बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।













खाटूश्याम धाम में आयोजित भजन संध्या के कुछ मनोहारी दृश्य। -फोटो बुलेटिन





# उ.प्र. उद्योग व्यापार संगठन द्वारा धूमधाम के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि. द्वारा नगर की हृदय स्थली शिव चौक निकट तुलसी पार्क में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल एवं संचालन जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी व प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह एवं सह संयोजक जिलाध्यक्ष सर्राफा एसो. पवन वर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत वीरपाल निर्वाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सदस्य प्रेस काउंसिल आफ इंडिया अंकुर दुआ व वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति अध्यक्ष संजय मिश्रा, मुख्य संयोजक सतपाल मान, सुनील तायल,शलभ गुप्ता, हिंदूवादी नेता मनोज सैनी, विक्की चावला, राजकुमार कालरा, सुरेन्द्र मित्तल उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथियों,व्यापारियों एवं व्यापार संगठन पदाधिकारियों द्वारा होली के गीत एवं चुटकुले सुनाते हुए सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा होली के भजनों एवं गीतों पर नृत्य करते हुए समा बांधा गया। होली मिलन समारोह में व्यापार संगठन के जिला युवाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, जिला युवा महामंत्री भूपेंद्र गोयल एवं जिला युवा कोषाध्यक्ष हर्षद राठी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, पदाधिकारियों एवं व्यापारियों का स्वागत करते हुए सभी को रंग गुलाल लगाया गया एवं फूलों की वर्षा करते हुए फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में व्यापार संगठन के मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा, हरिओम शर्मा, शिशुकांत गर्ग, डॉ. शौकी, इम्तियाज खान, विजय कुच्छल, उदित किंगर, जनार्दन विश्वकर्मा, राजेंद्र अरोरा, ब्रज कुंवर गर्ग, शिवकुमार सिंघल, अनिल सिंघल, अभिलक्ष मित्तल, राजेंद्र अरोरा, किरण पाल, मयंक गोयल, महेंद्र नाथ, मोहित नागपाल, जयेंद्र प्रकाश, विजय मदान, संजीव संगम, दीपांशु कुच्छल, विभोर मल्होत्रा, कुलदीप मित्तल, प्रदीप मित्तल, संदीप मित्तल, नवदीप कुमार, वासु गोयल, अंकित गर्ग, सुरेश कुमार (सिखेड़ा), सुनील तायल (नमकीन), सुधांशु गुप्ता, संजय नारंग, राजेश कश्यप, दीपू, राजेश नारंग, सौरभ मित्तल, विशाल जैन, प्रिंस गर्ग सहित अनेकों पदाधिकारी, व्यापारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# उज्ज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आशीर्वाद पैलेस में हुआ



**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बुस.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का लोकभवन, लखनऊ से किये गये कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मुजफ्फरनगर में उक्त कार्यक्रम का आशीर्वाद पैलेस, लक्ष्मण विहार, निकट टिकैत चौक, जानसठ रोड में आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर होली का उत्सव दृश्यक माहौल तैयार किया गया एवं जनपद के लगभग 400-500 लाभार्थियों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए प्रतिभाग कराया गया। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी विधिवत आमंत्रित किया गया। आमंत्रण उपरान्त कार्यक्रम में डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, डॉ. सुधीर सैनी, जिलाध्यक्ष भाजपा, अमरनाथ पाल, सत्यपाल मान आदि जन प्रतिनिधि एवं अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारी व ऑयल कम्पनियों (बीपीसी, आईओसी, एचपीसी) के विक्रय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण उपरान्त नगर के कम से कम 30 उज्जवला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को भी प्रतीकात्मक चेक दिया गया। जनपद में उज्ज्वला योजना के कुल 2,63,349 उज्ज्वला लाभार्थी हैं, जिनके सापेक्ष 176979 उन लाभार्थियों को, जिनकी ई-केवाईसी हो गयी है, सिलेण्डर रिफिल के उपरान्त राज्य सरकार की ओर से सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी रू० 564/- प्रति रिफिल उनके बैंक खाते में अन्तरित होगी। रंगों के उत्सव अर्थात होली पर्व की भांति सभी को रंग / गुलाल लगाकर, शुभकामनाएं देते हुए, डीएनओ/ गैस एजेन्सी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वह उज्ज्वला लाभार्थियों से नियमानुसार ई-केवाईसी कराकर उक्त योजना का पूर्णतः लाभ उठाये जाने हेतु प्रोत्साहित करें। अन्त में पुनः सभी को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम समाप्त किया गया।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नीरज जैन से बदलकर नीरज कुमार जैन रख लिया है। अब भविष्य में मुझे नीरज कुमार जैन के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

नीरज कुमार जैन
पुत्र इन्द्राज सिंह जैन
41/37, सदर बाजार
उत्तरी सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर


# JITO लेडीज विंग ने होली मिलन के कार्यक्रम का आयोजन किया





**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बुस.)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन लेडीज विंग, मुजफ्फरनगर चैप्टर द्वारा आज होली मिलन का प्रोग्राम मूलचंद रिसोर्ट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं संस्कृति जैन व सपना जैन द्वारा नमोकार मंत्र व मंगलाचरण के उच्चारण के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप (नगर पालिका अध्यक्ष) व कविता मीणा (उपाध्यक्ष मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण) रही। अक्षय जैन व सीए अजय जैन ने बुके दे कर मीनाक्षी स्वरूप व कविता मीणा का स्वागत किया। शशांक जैन व राजेश जैन द्वारा अतिथि को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। नीना जैन व दिव्या जैन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। दोनों अतिथियों ने सभी को होली की शुभकामना दी व फूलों की होली खेली। मंच का संचालन आशिमा जैन (चेयरपर्सन) व अनुभा जैन (चीफ सेक्रेटरी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डांडिया की प्रस्तुति विभा जैन, दिव्या जैन, रजनी जैन, सपना जैन, रितिका जैन द्वारा दी गई। कार्यक्रम में संस्कृति जैन, मोना जैन, सुरक्षा जैन, परिणा जैन, शिखा जैन आदि द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। आशिमा जैन व अनुभा जैन द्वारा शानदार प्रस्तुति से होली मिलन कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में स्वाति जैन, अर्चना जैन, शालिनी जैन , रिंकी जैन, अपूर्वा जैन, आकांशा जैन, नेहा जैन, दीपा जैन, राशि जैन, मोनिका जैन, श्री जैन, आदि उपस्थित रही। पंकज जैन (गांधी टेंट), राकेश जैन, संजीव जैन, अरुण जैन, संदीप जैन, सुरेश जैन (Ex MLA) रुड़की, व गणमान्य लोगों ने होली मिलन किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:-2042/E-Tender/CM-NSY/2025-26 दिनांक:- 28/02/2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि **"मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत"** निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 20/03/2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 28/02/2026 की प्रात:10:00 से दिनांक 20/03/2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 20/03/2026 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक अभियन्ता (निर्माण)
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मुजफ्फरनगर।



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शरद कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह हर समय लड़ाई-झगड़ा करता रहता है और गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने उसको अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैंने अपने पुत्र शरद कुमार से अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर दिये हैं। मेरे पुत्र शरद कुमार से मेरा कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है। यदि मेरा पुत्र कोई गलत कार्य या लेन-देन करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

मुनेश कुमारी पत्नी स्व0 सुधीर चौधरी
म.नं. 1051, शिक्षक कॉलोनी
मुजफ्फरनगर





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



## फार्म-4
### (नियम 8 देखिये)
### मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | — | मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) |
| 2. प्रकाशन अवधि | — | प्रातः दैनिक |
| 3. मुद्रक और प्रकाशक का नाम | — | पूजा दुआ |
| (क्या भारत का नागरिक है?) | — | भारतीय |
| (यदि विदेशी है, तो मूल देश) | — | x |
| पता | — | 187, गली नं.-11, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर |
| 4. सम्पादक का नाम | — | अंकुर दुआ |
| (क्या भारत का नागरिक है?) | — | भारतीय |
| (यदि विदेशी है, तो मूल देश) | — | x |
| पता | — | 187, गली नं.-11, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर |
| 5. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | — | पूजा दुआ 187, गली नं.-11, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर |

मैं, पूजा दुआ, एतद्द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

मार्च, प्रथम, 2026

हस्ताक्षर
(पूजा दुआ)
प्रकाशक के हस्ताक्षर


# 'तेरे बाप का ऑफिस नहीं है ये'
## ईओ ने की सभासद से तू-तड़ाक, देखते रहे चेयरमैन

**बागपत, 28 फरवरी (एजेंसी)।** नगर पालिका के कर्मियों को लेकर धरने पर बैठे सभासद संजय रुहेला और ईओ केके भड़ाना में शनिवार को नोकझोंक हो गई। ईओ ने सभासद के साथ अभद्रता करते हुए कहा कि तेरे बाप का ऑफिस नहीं है ये, नेतागिरी कर रहा है। इस दौरान चेयरपर्सन राजुद्दीन भी कुछ नहीं बोले, बस केवल देखते रहे। बागपत नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय को लेकर कर्मचारियों और सभासदों ने नगर पालिका परिसर में शनिवार को धरना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि चेयरमेन और ईओ के बीच चल रही आपसी खींचतान का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। धरने पर बैठे सभासद संजय रुहेला ने कहा कि पिछले तीन महीने से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ईओ केके भड़ाना धरनास्थल पर पहुंचे और सभासद संजय रुहेला को खरीखोटी सुनाई। तू-तड़ाक के लहजे में बात करते हुए कहा कि कर्मचारियों के वेतन बिल पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए हैं, चेयरमैन के हस्ताक्षर होने बाकी है। सभासद पर कर्मियों को लेकर कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए का कि ये तेरे बाप का ऑफिस नहीं है। यहां पर काम करने वाले कर्मियों की समस्या का समाधान कराया जा रहा है। चेयरमैन साइन कर दें तो उनका वेतन खातों में पहुंच जाएगा। इस दौरान पास में खड़े चेयरमैन पूरा मामला देखते रहे। वहां आए पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराया। इसके बाद सभासद कर्मियों के साथ धरने पर बैठ गए।

# दैनिक रेल यात्री संघ ने होली मिलन मनाया



**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बुस.)।** दैनिक रेल यात्री संघ के सम्मानित सदस्यों ने अध्यक्ष घनश्याम भगत के नेतृत्व में आज होली मिलन के पर्व को बड़ी ही सादगी से मनाया। सभी पदाधिकारीगणों से निवेदन किया कि भाईचारे, प्रेमभाव से सभी पर्वों को ऐसे ही धूमधाम से परिवार के साथ मनाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम भगत ,महामंत्री दीपक गुप्ता, बृजमोहन प्रधान, दीपक भाटिया, चितरंजन सैनी, एडवोकेट राजेश चौहान, बबलू पाल, लोकेंद्र सिह, अरविंद सैनी, राजू भाटिया, सतबीर, विनोद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-666/नाजिर सदर-प्रदर्शनी दिनांक:- 28/02/2026

### पुनःनिविदा सूचना

जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 07/02/2026 के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027 तक) के लिये निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ऑफलाईन टेन्डर प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 09/03/2026 को अपराह्न 02 बजे कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभागार मुजफ्फरनगर में छोड़ा जाना है। टेन्डर डालने हेतु निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी /जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गये अंकन 50 लाख का हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित तीन वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण-पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, प्रस्तुत करना होगा। मंगल पैंठ बाजार ठेके के लिए मोहरबन्द टेन्डर आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक ठेकेदार अपने टैन्डर 09/03/2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में रखे सील्ड बक्से में दोपहर 01 बजे से 02 बजे अपराह्न तक डाल सकते हैं। टेन्डर उसी दिन 02 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में खोले जायेंगे। टेन्डर की जमानत धनराशि को केवल एफ0डी0/बैंक गांरटी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीबेशन कमेटी मुजफ्फरनगर के नाम **pledged** (गिरवी) करनी होंगी। टेन्डर की अन्य विस्तृत शर्तें डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट कार्यालय में देखी जा सकती हैं। टेन्डर सम्बंधी शर्ते एवं टेन्डर फार्म दिनांक 09/03/2026 दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस/समय में कार्यालय डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी मुजफ्फरनगर/कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर से टेन्डर फार्म मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। टेन्डर का ठेका/बोली पूरे वित्तीय वर्ष 2026-27 (01/04/2026 से 31/03/2027 तक) के लिये बोली जायेगी। टैण्डर विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रम संख्या | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | टेन्डर फार्म का निर्धारित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी प्रदर्शनी मैदान में प्रत्येक मंगलवार पैंठ बाजार का ठेका | पन्द्रह लाख रूपये मात्र | 15,000/- |

नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी
डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी
मुजफ्फरनगर।



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## ईरान-इजराइल संघर्ष और ओवैसी


इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चल रही कार्रवाई को बड़ा सैन्य अभियान बताया है और ईरानी सेना से हथियार डालने की अपील की है। ईरान ने कहा है कि इस लड़ाई की शुरूआत इजराइल-अमेरिका ने की है, खत्म हम करेंगे। हम दुश्मनों को कुचल कर रख देंगे। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि इजराइल ने ईरान के खिलाफ प्री-एम्प्टिव हमला किया है। देश के कई हिस्सों में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यह धमाकों भरा घटनाक्रम ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कई हफ्तों से चल रही धमकियों और बातचीत के बाद सामने आया है। इसे लेकर हैदराबादी सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी चिन्ता व्यक्त की है और इसमें कुछ बातों को अलग ढंग से देखा है। ईरान-इजराइल संघर्ष पर अपने बयान में असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी के हालिया इजराइल दौरे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमन्त्री का एयरक्राफ़्ट हवा में होता और इस तरह का हमला होता, तो फिर इसका कौन ज़िम्मेदार होता? प्रधानमन्त्री को देश को बताना है कि क्या नेतन्याहू ने उनको बताया था कि इजराइल ईरान पर हमला करने वाला है, अगर बताया था, तो प्रधानमन्त्री को तुरंत अपना इजराइल का दौरा खत्म कर-के देश लौट आना चाहिए था। अगर इजराइल ने नहीं बताया कि वह अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमला कर रहा है, तो इजराइल ने हमें धोखा दिया, उन्होंने प्रधानमन्त्री के दौरे का इस्तेमाल ईरान पर हमला करने के लिए किया। इससे मैसेज यह जाएगा कि भारत इजराइल के साथ है, ईरान के साथ नहीं। ओवैसी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि ईरान और इजराइल में जो भारतीय नागरिक हैं, उन्हें वापस लाया जाए। ओवैसी के इस बयान पर एक रक्षा विशेषज्ञ का कहना है कि ओवैसी को केवल अपनी मानसिक क्षमता के अनुसार बोलना चाहिए, उनका कहना कि 'ईरान और इजराइल में जो भारतीय नागरिक हैं, उन्हें वापस लाया जाए' बस यही ठीक है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दो नेता क्या कर रहे हैं, यह सोचना उनकी क्षमता के बाहर है। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ हमले को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया है। एपिक फ्यूरी मतलब 'बहुत जबरदस्त और भयंकर गुस्सा' होता है। इजराइल पर ईरानी हमले के बाद राजधानी तेल अवीव में लोगों ने बंकर में शरण लेना शुरू कर दिया है। ईरान ने इजराइली हमले के जवाब में मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी बेस पर हमला करना शुरू कर दिया है। कतर और बहरीन के बाद ईरान ने यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हमला किया है। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही ने फिर मिसाइल और ड्रोन हमले शुरू करने का फैसला किया है। उनका टारगेट समुद्री रास्तों से इजराइल पर हमला करना है। हूती नेताओं का कहना है कि पहला हमला जल्द हो सकता है। हूती विद्रोहियों ने पहले रेड सी में जहाजों पर हमले और इजरायल पर हमले रोक दिए थे। इस हमले के बाद ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान की जनता से जो मदद का वादा किया था, वो अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने इसे मानवीय मदद बताया और कहा कि इसका निशाना ईरान का इस्लामिक शासन है न कि ईरान की जनता। उन्होंने कहा कि आखिरी में जीत ईरान के लोगों ही की होगी। उनके मुताबिक, देश में बदलाव लाने की जिम्मेदारी जनता की है। रजा पहलवी ने लोगों से कहा कि वे सतर्क और तैयार रहें। सही समय आने पर वह खुद लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए कहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अंतिम जीत अब करीब है और वह जल्द ही लोगों के बीच आकर ईरान को दोबारा बनाने में साथ देना चाहते हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में मौजूदा तनाव देश के अधिकारियों की गलती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ईरानी लोगों के साथ खड़ा है और वहां सरकार बदलने की अपील दोहराता है। नेतन्याहू ने अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद अपने पहले वीडियो मैसेज में तेहरान में शासन बदलने की बात कही। उन्होंने ईरान की जनता से कहा कि वे जुल्म के बोझ को हटाएं और एक आजाद और शांतिपूर्ण ईरान बनाएं। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल के हमले ऐसे हालात बनाएंगे, जिससे ईरान के लोग अपना भविष्य खुद तय कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार को परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे पूरी दुनिया को खतरा हो सकता है। ट्रम्प ने एक वीडियो मैसेज में कहा है कि इस ऑपरेशन का मकसद अमेरिकी लोगों की सुरक्षा करना है और ईरानी सरकार से आने वाले खतरों को खत्म करना है। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान की एक्टिविटी अमेरिका, उसके सैनिकों, विदेशों में बने उसके ठिकानों और उसके सहयोगी देशों के लिए खतरा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई सालों से ईरानी शासन अमेरिका के खिलाफ काम करता रहा है और उसकी कार्रवाइयों में अमेरिका और दूसरे देशों के लोग निशाना बने हैं। अमेरिका ने ईरान पर हमले से पहले अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेजा था। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। यह एयरक्राफ्ट भी इस हमले में शामिल है। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में पिछले हफ्ते 50 से ज्यादा फाइटर जेट भेजे। इंडिपेंडेंट फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा और मिलिट्री एविएशन मॉनिटर्स ने कई फाइटर जेट को मिडिल ईस्ट की ओर जाते हुए रिकॉर्ड किया। इन विमानों में से कुछ मिडिल ईस्ट में उतर चुके हैं। खासकर इजराइल के एयरबेस बेन गुरियन और ओवडा पर, जहां अमेरिकी एफ -22 जेट को देखा गया और वहां लैंड करते हुए रिपोर्ट किया गया। ईरान पर हमले से पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा, जहां दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ ईरान, परमाणु आतंकवाद की धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'लोग' 'अंदाज़' 'आवाज़' 'एज़ाज़'

झूठे हैं लोग इनके तू अंदाज़ पर न जा।
अशआर नाप तौल ले आवाज़ पर न जा।।
तमगे भी बिक रहे हैं सनद भी हैं बिक रहीं,
किरदार हो नज़र में तू एज़ाज़ पर न जा।













# तूने सबकी करी तरक्की, मेरी तरक्की कर दो

# ब्रज रसिक श्री कुंज बिहारी दास ने छेड़ी सुरों की तान

मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर परिवार द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कार्यक्रम श्री श्याम फागुन मेला उत्सव के चतुर्थ दिवस पर ब्रज रसिक श्री कुंज बिहारी दास ने सुरों की तान छेड़ी तो पूरा वातावरण राधा कृष्ण की भक्ति में सराबोर हो गया। आयोजन में केसर चंदन होली के साथ संकीर्तन में फाग के रंग भरे गए।

इसमें मुख्य रूप से भजन प्रवाहक ब्रज रसिक श्री कुंज बिहारी दास एवं मुकेश बांगड़ा (जयपुर) ने अपने भजनों से बाबा का गुण गान कर श्याम लीन होकर भक्तों को रिझाया। पूजन मे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, संजय मित्तल, अशोक कंसल, श्रवण गर्ग, अमित गर्ग, अंकुर गर्ग, विजय शुक्ला, सुनील दर्शन, विकल्प जैन, अनिल एरन, किशन मुंदड़ा, पुलकित, विष्णु, हरिशंकर तायल, अजय तायल आदि भक्तों ने बाबा की ज्योत प्रचलित की गई। इसके बाद भजन संध्या कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। मुख्य भजन ब्रज रसिक कुंज बिहारी दास जी द्वारा तूने सबकी करी तरक्की, मेरी तरक्की कर दो मुख्य आकर्षण रहा मंदिर कमेटी से भीमसेन कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, जेपी गोयल, विनोद राठी, अमरीश सिंगल, विकास अग्रवाल, रजत गोयल, नीरज गोयल, अमित गोयल, अमित गुप्ता, बिजेंदर रानो, शशांक राणा, प्रतीक, रजत राठी आदि सम्मिलित रहे।

# इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हमले का मामला गर्माया

## - सलीम को 14 चाकू मारे: योगी बोले- यूपी में आतंक की जगह नहीं

गाजियाबाद, 28 फरवरी (एजेंसी)। इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमले को लेकर माहौल गर्मा गया है। बीती रात बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए नकाबपोश हमलावरों ने सलीम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गला रेतने की कोशिश की। चीखने पर हमलावर उन्हें अधमरा छोड़कर फरार हो गए। घटना पर सीएम योगी ने कहा- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। यूट्यूबर सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक (50) लोनी इलाके के अशोक विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। इलाके में कुछ दूरी पर उनके दो मकान हैं। एक में उन्होंने अपना ऑफिस बना रखा है। दूसरे मकान में पत्नी और बेटे के साथ रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, सलीम शुक्रवार को ऑफिस में थे। उनके बेटे उस्मान ने बताया कि सुबह 9 बजे पापा ऑफिस में अकेले बैठे थे, तभी दो अज्ञात युवक हेलमेट पहनकर आए और हमला कर दिया। अंदर घुसते ही ताबड़तोड़ चाकू मारे। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े और शरीर से खून बहने लगा। इसी बीच बदमाश फरार



हो गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने देखा कि सलीम दर्द से कराह रहे थे। उन्होंने उन्हें उठाकर अस्पताल भिजवाया। परिजन सलीम को अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) रेफर कर दिया गया। उनके शरीर पर सीने, पेट, गर्दन, बाजू और पैर में 14 जख्म हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर एआईएमआईएम नेता समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सांसद मनोज तिवारी अस्पताल पहुंचे। वहीं, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि के अस्पताल पहुंचने की सूचना पर पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। सलीम यूट्यूब पर 'सलीम वास्तिक 0007' के नाम से चैनल चलाते हैं। इस्लाम, मदरसों की शिक्षा पर सवाल उठाते हैं। तीन हफ्ते पहले उन्हें वीडियो पोस्ट किया था। कहा था- मेरा फेसबुक-इंस्टाग्राम डिलीट कर दिया। 3.5 लाख फॉलोवर थे। ऐसे गुंडागर्दी से तुम लोग मुझे चुप नहीं करा सकते। इससे तुम्हारा मजहब सही नहीं हो जाएगा। तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। जब तक भाजपा सरकार है। हिंदू ताकत में है। उस्मान ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने अशफाक, सोनू, शाहरुख नेता, भाटी बिल्डर और एक स्थानीय एआईएमआईएम नेता अजगर को नामजद किया है। आरोप लगाया है कि इन लोगों ने ही सलीम की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हमले की सूचना मिलने पर हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी अपने समर्थकों के साथ जीटीबी अस्पताल के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस बीच, भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी मौके पर पहुंचे। पिंकी चौधरी से घटना की जानकारी ली।

## आंध्र प्रदेश- पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 21 लोगों की मौत: 8 गंभीर घायल

अमरावती, 28 फरवरी (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में शनिवार दोपहर 2 बजे ब्लास्ट हुआ। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया। पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे। पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है।

## आयुष्मान कार्ड धारकों को सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा इलाज

लखनऊ, 28 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में आयुष्मान कार्ड धारकों को अब सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में इलाज की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से एमओयू करेगी। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। इनमें प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। अब सरकार अन्य सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में इलाज मुहैया कराएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि जनवरी-26 से प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां मरीजों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एंड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी आदि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। साथ ही मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, मुफ्त जांच एवं गंभीर मरीजों को मुफ्त परिवहन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एमओयू साइन किया जाएगा। इसके लिए लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को उपचार मिल सकेगा।

## यूपी में महिला जज के पिता का मर्डर

मुरादाबाद, 28 फरवरी (एजेंसी)। नागफनी थाने के बंगला गांव चौराहे पर बुलंदशहर में एडिशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पद पर तैनात आसमा सुल्ताना के पिता और शहर की मशहूर अलवीना बेकरी के संचालक मो. असद (62) की शुक्रवार की शाम करीब सवा सात बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड को मो. असद के हिस्ट्रीशीटर साले जफर ने अंजाम दिया है। जफर लंबे समय से दस लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था। रकम नहीं मिलने पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना के समय मो. असद अपने दूसरे साले मुजाहिद के साथ तरावीह की नमाज बढ़ने लाल मस्जिद जा रहे थे। पुलिस और एसओजी टीम हत्यारोपी की तलाश में जुटी है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि सिविल लाइंस के जिगर कॉलोनी निवासी मो. असद अलवीना बेकरी के मालिक थे। परिवार में पत्नी मजहर सुल्ताना, एक बेटा अरीब और तीन बेटियां आसमा सुल्ताना, निशा और रूमा हैं।

## प्रधान के फर्जी पैड और दस्तखत से करा दी जमानत, गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। वर्तमान ग्राम प्रधान हुसैनाबाद भनवाडा का फर्जी लेटर पैड बनवाकर कूटरचित कर हस्ताक्षर कर जमानत कराने के आरोपी को थाना रतनपुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जामिनान अभियुक्त सैय्याद पुत्र रियाज अली उर्फ रिवाज अली निवासी ग्राम नंगला रियावली थाना रतनपुरी द्वारा वर्तमान ग्राम प्रधान हुसैनाबाद भनवाडा श्रीमति रजिया बेगम का फर्जी लेटर पैड बनवाकर तथा उस लेटर पैड पर ग्राम प्रधान श्रीमति रजिया बेगम के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर व उस लेटर पैड को जमानत तस्दीक कराई गई। थाना फुगाना बनाम - नौशाद पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम पांचली थाना सरुरपुर जिला मेरठ की जमानत हेतु इसका प्रयोग किया। जांच के दौरान व ग्राम प्रधान से तस्दीक करने के पश्चात थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा अभियुक्त सैय्याद निवासी ग्राम नंगला रियावलीको ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा से गिरफ्तार किया गया।

## खाली गोदाम और घास-फूंस के बीच करोड़ों के जीएसटी फर्जी वाड़े में फंसी फर्म

मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। प्रारंभिक जांच में करीब 4.60 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा होने के बाद ग्लोबल कंस्ट्रक्शन फर्म के खिलाफ राज्य वस्तु एवं सेवाकर (एसजीएसटी) की विशेष जांच शाखा (एसआइबी) ने बड़ी जांच कार्रवाई शुरू की है। आशंका जताई गई है कि फर्म ने दिल्ली स्थित कथित बोगस फर्मों के माध्यम से फर्जी खरीद दर्शाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। एसजीएसटी में हेराफेरी की शिकायत पर एसआइबी के अधिकारियों ने हाल ही में फर्म के वित्तीय दस्तावेजों और जीएसटी रिकार्ड की समीक्षा की और आईटीसी के पास-ऑन किए जाने के संकेत मिलने पर टीम ने पंजीकृत कार्यस्थल का भौतिक सत्यापन किया। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर संधावली बाईपास के निकट स्थित गोदाम में न तो स्क्रैप मिला और न ही किसी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि के प्रमाण मिले। परिसर में झाड़ियां उगी हुई थीं, जिससे लंबे समय से संचालन न होने की स्थिति सामने आई। जांच में यह भी सामने आया कि जिन फर्मों से खरीद दर्शाई गई है, वे केवल कागजी लेन-देन तक सीमित प्रतीत होती हैं। माल की वास्तविक आपूर्ति और परिवहन से संबंधित कोई ठोस साक्ष्य फिलहाल उपलब्ध नहीं हो सका है। विभाग ने फर्म संचालकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अधिकारियों का कहना है कि बैंक खातों, ई-वे बिल और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पाकिस्तान सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

पल्लेकेले। पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। उसे श्रीलंका को 147 या उससे कम के स्कोर पर रोकना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। उसने शनिवार को अपने आखिरी सुपर-8 मैच में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन टीम टॉप-4 में जगह नहीं बना सकी। इस नतीजे से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गई है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए श्रीलंका को कम से कम 65 रन के अंतर से हराना था। उसे 213 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। लेकिन, श्रीलंकाई टीम ने 16वें ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। पाकिस्तानी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाबी पारी में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। साहिबजादा फरहान प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## डीएम ने कहा: त्यौहारों पर गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं



मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। आगामी पर्व व त्यौहारों (होली, रमजान व ईद) को लेकर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक यातायात मुजफ्फरनगर द्वारा जिला पंचायत सभागार में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सभी से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी। आगामी होली, रमजान व ईद को लेकर जनपद में सकुशल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) संजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत व पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे द्वारा जिला पंचायत सभागार में धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर सिद्धार्थ के. मिश्रा, समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा सभी से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों की किसी भी प्रकार की आपराधिक अवंछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करे तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी पोस्ट शेयर न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ, गलत या अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें जिससे आपसी सौहार्द खराब हो, शांति, अनुशासन एवं धार्मिक सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

HERITAGE PUBLIC SCHOOL
AWAKE AND ACHIEVE
HERITAGE PUBLIC SCHOOL
(10+2 CBSE, NEW DELHI)
BASERA, MUZAFFARNAGAR
JOIN OUR LEGACY OF EXCELLENCE!
NOW HIRING: SHAPE THE MINDS OF TOMORROW
LEADERSHIP ROLES
VICE PRINCIPAL
Visionary leader with strong administrative experience
SENIOR SECONDARY (PGT)
• Mathematics • Physics • Accountancy • Biology • PET (FEMALE) • Economics
SECONDARY LEVEL (TGT)
• Mathematics • Science • English • Social Science
PRIMARY LEVEL (PRT)
• All Subjects
• Energetic educators
PRE-PRIMARY TEACHERS
• ALL SUBJECTS
• Creative minds for joyful learning
WHY CHOOSE US?
✓ Inspiring Environment
✓ Professional Growth
✓ Modern Infrastructure
✓ Supportive Community
HOW TO APPLY
Email your CV: heritagecbse@gmail.com
Contact Us: 9837100081, 7351524444
Address: Heritage Public School, Basera, Muzaffarnagar, UP
"Education is the most powerful weapon which you use to change the world."
- Join us in that mission.
Note:- Please send your CV via email or whatsapp within a week to heritagecbse@gmail.com or Contact us at- 9837100081, 7351524444.
"The interview is scheduled for 10th March, 2026. Only short-listed candidates are requested to appear on the specified date."






# ऋतुराज शर्मा के दम पर 7 विकेट से सिल्वरटन टाइगर्स की शानदार जीत

मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। एमपीएल-2 के मैच-11 में शनिवार को चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले मुकाबले में सिल्वरटन टाइगर्स ने क्रिकेटरी चैंप्स को 7 विकेट से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। मैच में ऋतुराज शर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पूर्व टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेटरी चैंप्स ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। कप्तान सत्यम सांगू ने 32 गेंदों में 46 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि विहान राणा ने 19 और अक्षय दुबे ने 9 रनों का योगदान दिया। इस दौरान सिल्वरटन टाइगर्स की ओर से कुलदीप कुमार, ऋतुराज शर्मा और प्रवीन कुमार ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अहम विकेट झटके। टीम ने अतिरिक्त के रूप में 4 रन दिए। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वरटन टाइगर्स ने बड़ी आक्रामक शुरूआत की। ऋतुराज शर्मा ने 42 गेंदों में 71 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें कई चौके-छक्के शामिल रहे। शिवम चौधरी ने 35 रन जोड़े, जबकि प्रशांत सूर्या और हर्ष पंवार ने नाबाद रहकर टीम को 13.2 ओवर में ही 127 रन तक पहुंचा दिया। टीम ने केवल 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्रिकेटरी चैंप्स की ओर से रमीज मलिक, अहमद नौशाद और साक्षम राय ने कोशिश की, लेकिन सिल्वरटन टाइगर्स की बल्लेबाजी के आगे गेंदबाजी फीकी पड़ गई। इस बीच शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन में ऋतुराज शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। शनिवार के फाइटर ऑफ द मैच सत्यम रहे। इस जीत के साथ सिल्वरटन टाइगर्स ने लीग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। खेल मैदान में मुकाबले के दौरान दर्शकों का उत्साह इस बीच चरम पर रहा।

## क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने 3 रन से दर्ज की रोमांचक जीत

मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। एमपीएल-2 के मैच-10 में शनिवार को सीसीएस स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस और बिंदल स्ट्राइकर्स के बीच खेले गए मुकाबले में दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। इस बीच अंत तक मैदान में जारी चले संघर्ष में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने बिंदल स्ट्राइकर्स को 03 रन से हराकर शानदार जीत अपने नाम दर्ज की। शनिवार को चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम क्रिस्टल बालाजी टाइटंस ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 128 रन बनाए। टीम की ओर से शोएब सिद्दीकी ने 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस दौरान सार्थक सिंह ने 19 और कुशल यादव ने 13 रन का योगदान दिया। बिंदल स्ट्राइकर्स की ओर से प्रिंस यादव ने बेहतरीन



गेंदबाजी करते हुए इस दौरान 04 विकेट झटके, जबकि शौर्य सैलार ने 2 विकेट हासिल किए। मैदान में क्रिस्टल बालाजी टाइटंस द्वारा दिए 128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदल स्ट्राइकर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मध्यक्रम में इस बीच अक्षय त्यागी ने 44 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। शिव पंवार ने 30 रन जोड़े। इसके बावजूद भी टीम 20 ओवर में 07 विकेट पर 125 रन ही बना सकी और जीत से 3 रन दूर रह गई। क्रिस्टल बालाजी टाइटंस की ओर से दीपक राणा व नफीस कुरैशी ने 2-2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। शानदार प्रदर्शन के लिए शोएब सिद्दीकी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मुकाबले के दौरान दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम ओवर तक चले इस मैच ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया।

# 290 करोड़ रुपये से नगर के तीन मुख्य द्वार परशुराम स्मारक, दूषित पाइप लाइन का सुधार व तीन फ्लाई ओवर पर होगा विकास का काम

शेष समाचार : पालिका ने होली पर की 290 करोड़ रुपये ...

कार्ययोजना को भी मंजूरी दे दी। इनमें शहर के 3 ओवरब्रिजों के नीचे खाली स्थानों का उपयोग जनसुविधाओं के लिए किया जाएगा। जानसठ ओवरब्रिज के नीचे बास्केटबॉल कोर्ट, गांधी कॉलोनी ओवरब्रिज के नीचे ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। ओवरब्रिजों पर सीएनसी कटिंग व लाइटिंग कार्य कराया जाएगा, जिससे रात्रि में शहर की सुंदरता बढ़ेगी और युवाओं को खेल व व्यायाम की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। मेरठ रोड, रुड़की रोड और कच्ची सड़क क्षेत्र में भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे, जिन पर करीब साढ़े पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। जानसठ, भोपा एवं गांधी कॉलोनी मार्ग के ओवरब्रिजों पर सवा करोड़ रुपये के करीब की लागत से लाइटिंग कार्य होगा। वहीं डीएम आवास से सुजड़ू चुंगी तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये से आरसीसी नाला एवं स्लैब निर्माण, मेरठ रोड और सरकुलर रोड पर करीब 10 करोड़ के सौन्दर्यकरण के कार्य, मुख्य मार्गों के डिवाइडरों व पाथ-वे पर गमले, नई मंडी चौड़ी गली में फैंसी पोल, शिव चौक पर वॉल डेकोरेशन तथा चुंगी नंबर दो का सौन्दर्यकरण भी स्वीकृत प्रस्तावों में शामिल हैं। वहीं कंपनी बाग में टॉय ट्रेन के सौन्दर्यकरण पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे तथा 19.80 लाख की लागत से 52 बिस्तरों वाला दो शौचालय युक्त आवासीय कंटेनर खरीदा जाएगा, जिसका उपयोग विशेषकर वर्षा ऋतु में किया जाएगा। बैठक में वार्ड 20 के सभासद हनी पाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मौन धारण किया गया। वहीं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की ओर से सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में 55 निर्वाचित सदस्यों में से 45 सभासद उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आकर भट्टा कर्मचारी की हुई मौत

**बुढ़ाना, 28 फरवरी (बु.)।** हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। इस घटना की सूचना ईंट भट्टा मालिक ने बुढ़ाना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के निवासी लगभग 25 साल का रविंद्र कुमार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बुआना में स्थित बुढ़ाना कस्बे की कमल मार्किट निवासी नईम राणा के राणा ब्रिक फिल्ड के नाम से ईंट के भट्टे पर मजदूरी का कार्य कर रहा था। शनिवार की दोपहर रविंद्र भट्टे के ऑफिस की छत पर चढ़कर साफ-सफाई कर रहा था कि छत के पास से गुजर रही 11 हजारी विद्युत लाइन के तार से अचानक रविंद्र टच हो गया। जिसमें रविंद्र कुमार की करंट के लग जाने से शरीर में जगह-जगह भस्ट हो गये। इस दृश्य को देख काम कर रहे अन्य मजदूरों में अफरा-तफरी मच गयी और उन्होंने इसकी सूचना भट्टा मालिक नईम राणा को दी तो वे बुढ़ाना से तुरंत अपने भट्टे पर पहुंचे और बुढ़ाना पुलिस को इस हृदय विदारक घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना पुलिसबल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पर पहुंचे और मौके पर मिले लोगों से घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक मजदूर रविंद्र कुमार के परिजनों को भी इस घटना की सूचना फोन पर दी तो परिजन मोर्चरी में पहुंच गये थे।

## आगरा में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आगरा 28 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आगरा जिले में शुक्रवार शाम 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश पवन को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पवन की लोकेशन मिलने पर एसटीएफ टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में हुई मुठभेड़ में वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एसटीएफ का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। मारे गये बदमाश के पास से 9 एमएम और 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है।



पुलिस के मुताबिक 9 एमएम की सरकारी पिस्टल उसने वर्ष 2016 में नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक सिपाही से लूटी थी। पवन मूल रूप से गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का निवासी था। शुक्रवार को नोएडा एसटीएफ यूनिट उसकी तलाश में आगरा पहुंची थी, जहां आमना-सामना होने पर मुठभेड़ हो गई। पुलिस अभिलेखों के अनुसार उसके खिलाफ हत्या के चार, रंगदारी के दो समेत कुल 18 मुकदमे दर्ज थे। वह कुख्यात अपराधी रणदीप भाटी और अमित कसाना गैंग से जुड़ा रहा है तथा शूटर के रूप में सक्रिय था। वर्ष 2021 में एक हत्या प्रकरण में उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था और वह दिल्ली में जेल भी गया था। जेल में रहने के दौरान वह हिमांशु भाऊ गैंग के संपर्क में आया। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2025 में जेल से छूटने के बाद उसने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दोबारा रंगदारी वसूलना शुरू कर दिया था और कई लोगों को धमकी दे रहा था। एसटीएफ की टीमें उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए थीं और उसकी तलाश में जुटी थीं।

## मुस्लिम सभासदों ने राष्ट्रगीत की खातिर बोर्ड बैठक से बनाई दूरी, पालिका में रही चर्चा

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** शनिवार को नगरपालिका परिषद की आयोजित बोर्ड बैठक अपने निर्धारित समय पर ही शुरू किए जाने को लेकर असमंजस की स्थिति देखने को मिली। इस दौरान चेयरपर्सन, ईओ के साथ अधिकांश वार्ड सभासद पालिका सभागार में पहुंच गए, लेकिन इस बीच कोई मुस्लिम सभासद नहीं पहुंचने को लेकर सदन में चिंता सी होने लगी। इस बीच पालिका चेयरपर्सन ने वंदे मातरम राष्ट्रगीत के साथ बहुमत के आधार पर बोर्ड बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ करा दी। सदन में उस वक्त सन्नाटा सा छा गया, जब वंदे मातरम की समाप्ति के साथ एक दर्जन से अधिक वर्ग विशेष के मुस्लिम सभासदों ने प्रवेश किया, जिसे लेकर बोर्ड बैठक में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। जी हां, शनिवार को पालिका सभागार में संपन्न बोर्ड बैठक में राष्टगीत को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की जारी अधिसूचना का पूरी तरह से असर दिखाई दिया। सरकार के जारी निर्देशों का ऐसे में पालन करने और फजीहतों से बचने की खातिर ही राष्ट्रगीत के समय बोर्ड बैठक से दूरी बनाने में अपनी भलाई समझी। हालांकि यह कोई अच्छे संकेत नहीं माने जा सकते। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से बीते माह जारी आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक देश में अब सभी स्कूलों, आधिकारिक अवसरों, सार्वजनिक स्थलों एवं भाषण के साथ सरकारी कार्यक्रमों के दौरान 'जन गण मन' से पहले भारतीय राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को बजाना और इसके सम्मान में खड़ा होना अनिवार्य है। नए प्रोटोकॉल के अनुसार अब राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत को गाया या बजाया जाएगा। नए नियमों के मुताबिक अब राष्ट्रगीत के छह अंतरे गाए जाएंगे, जिसकी अवधि 3 मिनट 10 सेकंड निर्धारित है।

## वार्ड सभासद ने नगर पालिका के नए क्षेत्रों में कर वसूली की उठाई मांग

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** पालिका के वार्ड 30 के सभासद नवनीत गुप्ता ने चेयरपर्सन को पत्र लिखकर शासन द्वारा दिए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली न किए जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पालिका के विभिन्न मदों में कर-करेत्तर की वसूली का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंकन-833.47 लाख रुपए के सापेक्ष पालिका द्वारा करीब 10 करोड़ की वसूली किए जाने पर सवाल उठाते हुए इस लापरवाही के लिए शासन द्वारा समुचित वित्तीय ग्रांट को भविष्य में रोके जाने की भी आशंका व्यक्त की। वार्ड सभासद नवनीत गुप्ता ने इस मामले में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के लिए आपत्ति हेतु नियत समय में नगर पालिका का लक्ष्य अंकन 1380.50 लाख निर्धारित किए जाने पर पालिका की तरफ से कोई आपत्ति शासन में नहीं भेजे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने नगर पालिका की सीमा बढ़ने के उपरान्त भी अभी तक सीमा में आए अन्य गांव एवं कॉलोनियों आदि पर कोई गृहकर लागू न किए जाने को पालिका की आय में बड़ी खामी बताते हुए इस दिशा में कार्य की जरुरत पर जोर दिया। ताकि शासन से नगर पालिका को समुचित ग्रान्ट मिल सकें और हमारी पालिका क्षेत्र में प्राप्त ग्रान्ट से विकास कार्य कराकर पालिका क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाया जा सकें।

## टाउनहाल में बनेगा भगवान परशुराम का भव्य स्मारक

- सदन में अटल-अब्दुल हमीद को भी मिला बेहतर सम्मान
- महाराजा अजमीढ़ के नाम पर होगा एक चौराहे का नामकरण

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहर में आगामी दिनों में समाज की भावनाओं को देखते हुए कुछ नए चौराहे बनाने के साथ ही चिरंजीवी भगवान परशुराम का भव्य स्मारक निर्माण कराने का प्रस्ताव भी सदन में पारित कराया।

टाउनहाल सभाकक्ष में सम्पन्न बोर्ड बैठक में शनिवार को नगर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सदन में अपनी ओर से प्रस्ताव रखा। इसमें टाउनहाल प्रांगण में भगवान परशुराम जी की मूर्ति स्थापना के साथ उनका एक भव्य स्मारक निर्मित कराना प्रस्तावित किया गया, उनके इस प्रस्ताव को सम्पूर्ण सदन ने करतल ध्वनि के साथ पारित किया। वहीं वार्ड 49 से सभासद मनोज वर्मा ने स्वर्णकार समाज के महाराजा अजमीढ़ जी की मूर्ति स्थापना के लिए शहर में एक चौराहे को आवंटित करने की मांग की। इस प्रस्ताव पर सभासद मौहम्मद खालिद, रविकांत शर्मा, रजत धीमान, राजीव शर्मा, अमित पटपटिया, प्रियांक गुप्ता, सुनीता, अनुज, विनीत आदि ने समर्थन किया। सदन ने सर्वसम्मति से यह पारित किया। इसके अलावा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर नगर के मीनाक्षी चौक का नाम अटल चौक रखने के लिए मंत्री कपिल देव द्वारा 23 दिसंबर 2025 को पालिका चेयरपर्सन को पत्र लिखा गया था। इसको भी पारित किया गया। वहीं सभासद नौशाद खां व मौ. खालिद के पत्र का संज्ञान लेते हुए बोर्ड बैठक में सुजड़ू चौराहे का नाम अब पाकिस्तान के खिलाफ जंग में शहीद हुए वीर अब्दुल हमीद के नाम पर रखने का प्रस्ताव लाया गया, ये प्रस्ताव भी पारित हो गया। बोर्ड बैठक में सभासद अनुज ने महर्षि वाल्मीकि जी और डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा बनाने की मांग की, जिसको विचारार्थ अगली बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने ईओ को दिए हैं।

## पालिका के इतिहास की बड़ी विकासपरक कार्ययोजना : स्वरूप

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सदन में सभी 159 प्रस्तावों के पारित होने के साथ ही नगरीय क्षेत्र के विकास व सौन्दर्यकरण के कार्य बड़े पैमाने पर प्रारंभ होंगे। सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित की गई इस विकास की महायोजना में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण, पथ प्रकाश व्यवस्था का विस्तार, विभिन्न निर्माण कार्यों को गति, कर्मचारियों के आर्थिक हितों की सुरक्षा एवं शहरी सौन्दर्यकरण की विशेष परियोजनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने इसे नगरपालिका परिषद के इतिहास की सबसे बड़ी विकासपरक कार्ययोजना बताते हुए दावा किया कि इन तमाम योजनाओं के धरातल पर उतरते ही मुजफ्फरनगर शहर आधुनिक सुविधाओं से युक्त और अधिक आकर्षक स्वरूप में हर किसी को नजर आएगा। बोर्ड बैठक में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका परिसर में भगवान परशुराम का एक भव्य स्मारक का प्रस्ताव सदन में रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गई, इस स्मारक पर नगर पालिका 50 लाख खर्च करेगी।**




## नकली खाद की शिकायत पर दौड़े अधिकारी और पुलिस

- मंडावली बांगर में 2 खाद व 3 पेस्टीसाइड के नमूने किए जब्त
- किसानों ने किया हंगामा, खाद व पेस्टीसाइड को किया सील

**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** बीते दिवस फरीदाबाद केंद्रीय कीटनाशक प्रयोगशाला की टीम ने मुजफ्फरनगर जनपद के ग्राम बहादरपुर, जानसठ रोड, पुरकाजी खादर व बेहड़ा अस्सा समेत कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर छापेमारी करते हुए 7 पेस्टीसाइड निर्माण इकाइयों से सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजे जाने के बाद स्थानीय कृषि विभाग हरकत में है। शनिवार को इन्हीं हालातों के बीच बुढ़ाना क्षेत्र में किसानों द्वारा किए हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दो नमूने खाद एवं 3 पेस्टीसाइड के नमूने लेते हुए लोगों को शांत किया। अधिकारियों ने दावा किया कि इन नमूनों की जांच रिपोर्ट के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को जिला कृषि रक्षा अधिकारी राहुल सिंह तेवतिया के नेतृत्व में कृषि विभाग बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मंडावली बांगर में किसानों के हंगामे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे। यहां हंगामा कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि यहां पर नकली खाद एकत्र किया जा रहा है। किसानों के उक्त आरोपों के बीच अधिकारियों ने दो खाद एवं 3 पेस्टीसाइड के नमूने जांच के लिए संकलित किए। कृषि रक्षा अधिकारी राहुल तेवतिया ने बताया कि क्षेत्र में उक्त खाद खतौली शुगर मिल की ओर से ले जाया जा रहा था, जिसे यहां वाहन में हुई गड़बड़ी के कारण एक स्थान पर उतारा गया। उन्होंने बताया कि किसानों की शिकायत पर उक्त प्रतिष्ठान से दो खाद एवं तीन पेस्टीसाइड के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं, इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




## इजराइल-अमेरिका का ईरान पर हमला, 85 स्कूली छात्राओं की मौत

**ईरानी रक्षामंत्री के मारे जाने की खबर; ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं**

तेल अवीव/तेहरान, 28 फरवरी (एजेंसी)। जंग की आग में मध्य पूर्व सुलग उठा। इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गाड्‌र्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई। दुबई एयरपोर्ट बंद हो गया है और क्षेत्र की तमाम उड़ाने रोक दी गई हैं। हमले के बार भारतीय विमान बीच रास्ते से वापस लौट आए। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है। जवाब में ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। ये हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है।


ईरान के सेना प्रमुख
Amir Hatami



### दुबई के बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला

दुबई के बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमले की खबर सामने आई है। शुरूआती रिपोर्ट्स में इसे ईरान से जुड़े ड्रोन से जोड़कर देखा जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। इलाके में विस्फोट जैसी आवाज सुनने की बात कही जा रही है, हालांकि नुकसान या हताहतों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा को धमाकों की आवाज के बाद खाली करा दिया गया।

### दुबई के पाम होटल पर मिसाइल गिरी

दुबई के पाम होटल एंड रिसॉर्ट पर ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के गिरने का दावा किया जा रहा है। मिसाइल गिरने के बाद होटल परिसर में आग की खबर हैं। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि इनकी पुष्टि नहीं हुई है। संयुक्त अरब अमीरात की ओर से अब तक इस घटना बयान जारी नहीं किया गया है।

### ईरान-इजराइल जंग से भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट

**नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10% से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा।

# राधा-श्याम प्रेमियों के रोम-रोम को रोमांचित कर गए चित्र-विचित्र

- श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के फाल्गुन महोत्सव में टूटे भीड़ के रिकॉर्ड
- श्याम बाबा का भव्य दरबार व फूलों से किया मनमोहक श्रृंगार बना आकर्षण का केंद्र











**मुजफ्फरनगर, 28 फरवरी (बु.)।** नई मंडी रामलीला भवन में फाल्गुन महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र ने भजनों की ऐसी गंगा बहाई कि देर रात तक श्रद्धालु थिरकते रहे। खचाखच भरे पांडाल में बाबा श्याम के चरणों में भक्ति गीतों के साथ होली के गीतों ने माहौल को भक्ति के रंगों में डुबो दिया। राधा नाम संकीर्तन से लेकर फाग के गीतों तक सुरों की ऐसी तान छिड़ी कि रसमग्न श्रोता थिरकने से खुद को नहीं रोक पाए।

श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति ने एक बार फिर ऐसा इतिहास रच दिया जो कई वर्षों तक भुलाया नहीं जा सकेगा समिति के द्वारा 41वा श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव बड़ी धूम धाम से नई मंडी रामलीला भवन में मनाया गया। इसमें श्याम बाबा का भव्य दरबार लगवाया गया श्याम बाबा फूलों के श्रृंगार में सजकर बहुत मनमोहक लग रहे थे । मुख्य अथिति के रूप में नगर विधायक उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता विशाल गर्ग, भाजपा नेता अचिंत मित्तल मौजूद रहे। मुख्य यजमान के रूप में अरविंद बंसल मिर्च वाले और अरुण गर्ग (पेपर वाले), दिनेश मित्तल (टीनू),राजीव गर्ग, श्रेय गोयल ज्वेलर्स रहे। वृंदावन से आये हुए रसिक संत भजन गायक चित्र विचित्र जी महाराज ने बाबा को और प्रेमियों को अपने मधुर कंठ से खूब रिझाया। बाबा के प्रेमियों से पूरा पंडाल भरा हुआ था समिति की ओर से छप्पन भोग, इत्रवर्षा और बाबा के सभी प्रेमियों के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था अर्पित जैन की ओर से की गई। समिति ने सभी सेवादारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से समिति ऐसा सफल एवं अच्छा आयोजन कर पाती है। समिति ने सभी श्याम प्रेमियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को एक यादगार कार्यक्रम बना दिया। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति में से मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, विदित गुप्ता, अचिन बंसल, राजीव गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, नरेंद्र गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, संजीव वर्मा, हर्षित अग्रवाल, प्रांशु बंसल, दीपांशु गर्ग, अनुराग गोयल, अवि गोयल, लोकेश बंसल, अमित सिंघल, राजेश कर्णवाल, गौरव गर्ग, विवेक बंसल, मनोज खंडेलवाल, लव अग्रवाल एवं श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के सभी एकादशी सदस्य मौजूद रहे।

### ऐसा किया मंत्र-मुग्ध, जो जहां खड़ा था, चाहकर भी वहां से हट न पाया

मुजफ्फरनगर। श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे नई मण्डी के रामलीला मैदान में जब भजन संध्या शुरू हुई तो शुरूआत से ही लोग रोमांच में डूबने लगे। राधा नाम का ऐसा गुणगान जैसे पहले कभी सुना ही नहीं था, चित्र-विचित्र जी अपने भजन गायिकी के लहजे से श्रद्धालुओं को ऐसा मंत्रमुग्ध किया कि भीड़ एक सैकेण्ड के लिए भी अपनी जगह से दाएं-बाएं तक नहीं हुई। रात्रि 12:45 बजे तक भीड़ का आलम ज्यों का त्यों वहीं के वहीं जमा रहा। जैसे-जैसे महफिल सजती गयी वैसे-वैसे लोग अपने स्थान पर खड़े रहकर नृत्य करते देखे गए। मुजफ्फरनगर में अब तक की भजन संध्या की यह ऐतिहासिक भीड़ थी। इस ऐतिहासिक भीड़ की खूबी भी यही बनी कि चित्र-विचित्र जी के चारों ओर भीड़ का तांता कम नहीं हुआ जबकि श्याम परिवार सुखी परिवार के व्यवस्थापकों ने पहले से ही लगभग दो गुनी भीड़ कुर्सी-सोफों का इंतजाम किया था। चित्र-विचित्र जी मंच पर भी अंत समय तक समां बंधा रहा। आए हुए मेहमान भक्ति रस में ऐसे डूबे कि वे भी अपनी जगह से हिलने को तैयार नहीं हुए। ऐसा अनोखा दृश्य भजन संध्या में नगर में पहली बार देखा गया, जिसमें भजन गायकों ने सीधी लौ राधा नाम से लगा दी हो। श्रद्धालुओं के मुंह से एक ही बात निकली कि ऐसा लग रहा है कि मानों मुजफ्फरनगर ही वृन्दावन हो गया हो।


बार-बार ये दिन आए...
शादी की सालगिरह का केक काटते अरुण गर्ग

### इन भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर किया मजबूर

मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखना।
बांके बिहारी वृंदावन में ये दिल मेरा खो गया
हम हो गए राधा रानी के
हे लाडली सुध लीजे हमारी,
करुणामयी कृपा मयी मेरी दया मयी राधे
रंग डारी चुनर कोरी रे
रंग डार गयो री मोपे सांवरा



